वर्ष- 02 अंक- 236
छपरा
14 जुलाई सोमवार 2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश, एक्सपर्ट बोले- पायलट ने जानबूझकर हादसा किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद प्लेन हादसे के एक महीने बाद 12 जुलाई को शुरुआती जांच रिपोर्ट सामने आई। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था। टेकऑफ के तुरंत बाद एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए थे, इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गए। इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं। एविएशन एक्सपर्ट कैप्टन मोहन रंगनाथन ने कहा कि रिपोर्ट देखकर लगता है कि हादसा जानबूझकर किया गया था। हालांकि, AAIB के पूर्व चीफ रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन अरबिंदो हांडा ने कहा- ज्यादातर मामलों में शुरुआती जांच फाइनल रिपोर्ट से अलग होती है।

राज्य में नहीं थम रहा भाषा पर बवाल

## शिवसेना यूबीटी नेताओं ने की ऑटो चालक की पिटाई; वीडियो वायरल

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में जारी हिंदी-मराठी भाषा विवाद के चलते राज्यभर की सियासत में गर्माहट है। इसी बीच ऐसा ही एक मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो की महाराष्ट्र के पालघर का बताया जा रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है एक ऑटो-रिक्शा चालक को शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ताओं की तरफ से मराठी भाषा का अपमान करने का दावा करते हुए पीटा जा रहा है। इस घटना ने राज्य में भाषा विवाद को और बढ़ा दिया है। मामले में पुलिस ने रविवार को कहा कि उन्होंने वीडियो देखा है, लेकिन इस मामले में अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, इसलिए अब तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

**शिवसेना नेता का दावा** :वहीं इस वीडियो के वायरल होने पर शिवसेना (यूबीटी) के एक स्थानीय नेता ने दावा किया कि ऑटो-रिक्शा चालक को सजा दी गई। साथ ही कहा कि जो कोई भी मराठी भाषा, महाराष्ट्र या मराठी प्रतीकों का अपमान करेगा, उसे शिवसेना की सच्ची शैली में जवाब दिया जाएगा।

## IIM कलकत्ता केस, पिता बोले- बेटी का रेप नहीं हुआ

### वह ऑटो से गिरकर बेहोश हुई थी

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (IIM) परिसर में हुई रेप की घटना में नया खुलासा हुआ है। पीड़ित के पिता ने कहा कि मेरी बेटी का रेप नहीं हुआ है। वह तो ऑटो से गिरकर बेहोश हो गई थी। पिता का दावा है कि बेटी ने किसी के दबाव में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, पुलिस ने घटना की जांच के लिए 9 सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (स्कूद्र) बनाई है। घटना 11 जुलाई की है। पीड़ित की शिकायत के मुताबिक, वह पेशे से काउंसलर है। आरोपी ने उसे काउंसलिंग के लिए हॉस्टल बुलाया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2024, अहमदाबाद देश में नंबर 1

## भोपाल दूसरे और लखनऊ तीसरे स्थान पर; इंदौर समेत 15 शहर सुपर स्वच्छता लीग में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के नतीजे जारी कर दिए हैं। इसमें भोपाल ने देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। भोपाल पिछले साल 5वें स्थान पर था। वहीं, अहमदाबाद ने सभी शहरों को पीछे छोड़ते हुए पहला और लखनऊ ने 44वें पायदान से छलांग लगाकर तीसरा स्थान पाया है।

भोपाल नगर निगम को राष्ट्रपति भवन में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण मिल चुका है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 जुलाई को नई दिल्ली में टॉप शहरों को अवॉर्ड देंगी। आधिकारिक घोषणा वहीं होगी।

इधर, दूसरा स्थान आने पर भोपाल नगर निगम भले ही अपनी पीठ थपथपा रहा हो, लेकिन सच यह है कि इस बार हमारा मुकाबला सबसे साफ शहरों से था भी नहीं।

इंदौर, सूरत जैसे 15 शहर 'सुपर स्वच्छता लीग मेंपिछले साल (2024) ही स्वच्छ सुपर लीग नाम की नई श्रेणी जोड़ी गई थी। इसमें दो साल से टॉप-3 में आने वाले शहरों को लिया गया था, लेकिन एक दिन पहले ही इसमें बदलाव कर अवधि 3 साल कर दी गई। पिछली बार लीग में सिर्फ 12 शहर थे, अब 15 हो गए हैं।

इंदौर लगातार सात बार देश का नंबर-1 स्वच्छ शहर बन चुका है, लेकिन इस बार सूरत और नवी मुंबई के साथ रैंकिंग से बाहर रहेगा, क्योंकि स्वच्छता सुपर लीग में शामिल शहरों की रैंकिंग नहीं की जाती।

लीग में वही शहर शामिल होते हैं, जो पिछले तीन वर्षों में टॉप-3 में रहे हैं। भले ही स्वच्छता में स्वच्छ सुपर लीग अलग श्रेणी बना दी गई है, लेकिन देश के सभी शहरों को सफाई व्यवस्था के आधार पर 12500 में से अंक दिए जाएंगे। दरअसल, हर साल अलग-अलग कैटेगरी (50 हजार से ज्यादा और 10 लाख से अधिक आबादी) में टॉप करने वाले कुछ शहर लगातार टॉप-3 में बने हुए थे। इससे अन्य शहरों के लिए मुकाबले की जगह सीमित रह जाती थी।

### टाटा को ही क्यों मिला काम?

# राहुल पर निशिकांत दुबे का पलटवार कहा- कांग्रेस पूंजीपतियों की असली साथी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर करारा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बड़े उद्योगपतियों के बीच की सांठगांठ कोई नई बात नहीं है। दुबे ने एक पुराना मामला उठाते हुए कहा कि 1971 में राहुल गांधी की दादी और उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में केवल एक कंपनी टाटा को केमिकल निर्माण का काम सौंपा गया था।

निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए राहुल गांधी से सीधे सवाल किया। उन्होंने लिखा कि राहुल गांधी जी, आपकी कांग्रेस और उद्योगपतियों की मिलीभगत खूब चर्चित रही है। 2 जून 1971 को संसद में केवल टाटा को केमिकल बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। क्या यह आपकी दादी इंदिरा गांधी का



निर्णय नहीं था? उन्होंने कांग्रेस पर उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया।

**कांग्रेस का लाइसेंस-परमिट कोटा राज** :निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पार्टी पर हमला जारी रखते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश में 'लाइसेंस, परमिट और कोटा' का ऐसा तंत्र बनाया था, जिससे चुनिंदा लोगों को ही फायदा पहुंचता था। उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस का मतलब है लाइसेंस, परमिट और कोटे का राज। गांधी परिवार का यह काला सच है। दुबे का यह बयान उस वक्त आया है जब राहुल गांधी बार-बार भाजपा और उद्योगपतियों के संबंधों को निशाना बना रहे हैं।

### गरीबों की संपत्ति छीन रही है सरकार- राहुल गांधी

इससे पहले राहुल गांधी ने ओडिशा की एक जनसभा में भाजपा और बीजेडी सरकारों पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि ओडिशा की सरकार का एक ही काम है, गरीबों से संपत्ति छीनकर अमीरों को देना। राहुल गांधी ने कहा कि पहले बीजेडी सरकार ने ऐसा किया और अब भाजपा सरकार वही कर रही है। उन्होंने कहा कि यह गरीब बनाम अरबपति की लड़ाई है, जिसमें कांग्रेस ही गरीबों की सच्ची आवाज है।

**जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर अडानी पर निशाना** :राहुल गांधी ने अडानी समूह पर भी हमला बोला और आरोप लगाया कि ओडिशा में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान रथों को अडानी के लिए रोका गया।

# राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों को नॉमिनेट किया



### मशहूर वकील निकम, इतिहासकार मीनाक्षी जैन, पूर्व डिप्लोमैट हर्षवर्धन श्रृंगला और समाजसेवी सदानंदन शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति मुर्मू ने राज्यसभा के लिए 4 सदस्यों को नॉमिनेट किया है। इनमें पूर्व सरकारी वकील और लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रहे उज्ज्वल निकम शामिल हैं। निकम, 26/11 के मुंबई हमला समेत कई हाई-प्रोफाइल मामलों में पब्लिक प्रॉसिक्यूटर रहे हैं। इनके अलावा, केरल के वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद सी. सदानंदन मास्टर, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार एवं शिक्षाविद मीनाक्षी जैन भी राज्यसभा जाएंगी। ये नियुक्तियां उन सीटों के लिए की गई हैं, जो पहले के नामित सदस्यों के सेवानिवृत्त होने से खाली हुई थीं।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 80(3) के तहत, राष्ट्रपति को राज्यसभा में 12 सदस्यों को नॉमिनेट करने का अधिकार है। ये सदस्य कला, साहित्य, विज्ञान, सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान के लिए चुने जाते हैं। वर्तमान में राज्यसभा की कुल सदस्य संख्या 245 है, जिसमें 233 निर्वाचित और 12 नामांकित सदस्य शामिल हैं।

### पीएम मोदी ने राज्यसभा के लिए नामित चारों हस्तियों को दी बधाई, कहा- इनके योगदान से समृद्ध होगा संसद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से राज्यसभा के लिए मनोनीत किए गए चारों लोगों को शुभकामनाएं दी। इसमें पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मामले में विशेष लोक अभियोजक उज्जवल निकम, केरल भाजपा नेता सी सदानंदन मस्ते और इतिहासकार मीनाक्षी जैन का शामिल है। बता दें कि शनिवार रात को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 80(1)(क) के खंड (3) द्वारा उन्हें दी गई शक्तियों के अंतर्गत राज्यसभा के लिए चार लोगों को मनोनीत किया है। इनमें सरकारी वकील उज्ज्वल देवराव निकम, केरल के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मस्ते, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और प्रख्यात इतिहासकार एवं शिक्षाविद् मीनाक्षी जैन का नाम शामिल है। ये नामांकन पूर्व में नामित सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण खाली पड़ी सीटों को मद्देनजर किए गए हैं।

**उज्जवल निकम को लेकर क्या बोले पीएम मोदी** :प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि उज्जवल निकम का विधायी क्षेत्र और संविधान के प्रति समर्पण प्रशंसनीय है। वह न केवल एक सफल वकील रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण मामलों में न्याय की प्राप्ति के लिए भी अग्रणी रहे हैं। उनका नामांकन राज्यसभा में उनके उत्कृष्ट कार्य का सम्मान है।

**हर्षवर्धन श्रृंगला को बताया श्रेष्ठ कूचनीतिज्ञ** :वहीं पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला को राज्यसभा में नामित होने पर पीएम मोदी ने शुभाकामनाएं देते हुए श्रेष्ठ कूचनीतिज्ञ बताया। पीएम मोदी ने श्रृंगाल की सराहना करते हुए कहा कि वह एक श्रेष्ठ कूटनीतिज्ञ और रणनीतिक विचारक हैं।

# कॉलेज परिसर में खुद को आग लगाने वाली छात्रा की हालत बेहद गंभीर

### राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के बालासोर जिले में खुद को आग लगाने वाली छात्रा की हालत बेहद गंभीर है। ) एम्स भुवनेश्वर के अधिकारियों ने उसकी स्थिति को लेकर जानकारी दी है। अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि अगले 48 घंटे महत्वपूर्ण हैं और पीड़िता की हालत में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने बताया कि पीड़िता का लगभग 95 प्रतिशत शरीर गंभीर रूप से जल गया है। उसके गुर्दे और फेफड़े भी प्रभावित हुए हैं। वह फिलहाल आईसीयू पर है। बिस्वास ने बताया कि कई विभागों के डॉक्टर छात्रा के इलाज में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा छात्रा के चेहरे पर कुछ निशानों को छोड़कर उसका पूरा शरीर जल गया है। अभी उसकी हालत में सुधार को लेकर हम कुछ नहीं कह सकते। गौरतलब है कि छात्रा ने शनिवार को शैक्षणिक संस्थान परिसर में कथित तौर पर खुद को आग लगा ली थी। वह 95 प्रतिशत तक झुलस गई। उसे बचाने की कोशिश कर रहे एक अन्य छात्र को भी चोटें आईं थीं। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि बर्न विभाग के डॉक्टरों के अलावा क्रिटिकल केयर, सर्जरी, नेफ्रोलॉजी और पल्मोनोलॉजी के विशेषज्ञ भी उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर चौबीसों घंटे नजर रख रहे हैं। छात्रा के इलाज के लिए एम्स, भुवनेश्वर ने एनेस्थीसिया, पल्मोनरी मेडिसिन, बर्न एंड प्लास्टिक, नेफ्रोलॉजी और अन्य विभागों के डॉक्टरों की एक आठ सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। यह समिति आवश्यकता पड़ने पर किसी भी अन्य महत्वपूर्ण विभाग के किसी भी संकाय सदस्य को इसमें शामिल कर सकती है।

**राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान** :इस बीच, इस मामले का संज्ञान राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया है। आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर ने ओडिशा के पुलिस महानिदेशक को इस मामले में निष्पक्ष और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने, आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पीड़िता को सभी आवश्यक चिकित्सा एवं मनोवैज्ञानिक सहायता निःशुल्क प्रदान करने का निर्देश दिया है।

# लगभग सभी मतदाताओं से चुनाव आयोग ने किया सीधा संपर्क

## अब तक 80.11प्रतिशत मतदाता जमा कर चुके हैं गणना प्रपत्र

**नई दिल्ल, एजेंसी।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कहा कि उसने बिहार के लगभग सभी मतदाताओं से सीधा संपर्क स्थापित कर लिया है। राज्य के 80.11 फीसदी मतदाताओं ने पहले ही अपने गणना पपत्र जमा कर दिए हैं। आयोग ने यह भी कहा कि उसके वेबपोर्टल (ईसीआईनेट) में नया सत्यापन मॉड्यूल पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। चुनाव आयोग ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि पहले से मौजूद 77,895 बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) और 20,603 नव नियुक्त बीएलओ के साथ वह 25 जुलाई तक की निर्धारित समय सीमा से पहले ही गणना प्रपत्रों (ईएफ) का संग्रह पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस उद्देश्य के लिए, सभी




243 विधानसभा क्षेत्रों के 38 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ), निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और 963 सहायक ईआरओ (एईआरओ) सहित क्षेत्र स्तरीय टीमों की निर्वाचन अधिकारी की ओर से बारीकी से निगरानी की जा रही है। चुनाव आयोग के इन प्रयासों के साथ ही सभी राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त 1.5 लाख बीएलए भी घर-घर जाकर हर मौजूदा मतदाता को शामिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, जिनका नाम 24 जून 2025 तक बिहार की मतदाता सूची में है। 4 लाख से अधिक स्वयंसेवकों की ओर से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं और अन्य कमजोर समूहों की सहायता के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

### मतदाता सूची वितरण का काम पूरा

100 फीसदी मुद्रण पूरा होने और अपने पते पर पाए गए सभी मतदाताओं को मतदाता सूची वितरण का काम लगभग पूरा होने के बाद, आज शाम 6 बजे तक संग्रह 6,32,59,497 या 80.11 फीसदी पार कर गया। इसका मतलब है कि बिहार में हर 5 में से 4 मतदाताओं ने मतदाता सूची जमा कर दी है। इस गति से, अधिकांश ईएफ 25 जुलाई 2025 से काफी पहले एकत्र किए जाने की संभावना है।

### 30 अगस्त तक आपत्तियां दर्ज होंगी

1 अगस्त को प्रकाशित होने वाली मसौदा मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए, मतदाताओं को अपने ईएफ, अधिमानत :, पात्रता दस्तावेजों के साथ जमा करने होंगे। यदि किसी मतदाता को पात्रता दस्तावेज जमा करने के लिए अधिक समय की आवश्यकता है, तो वह उन्हें 30 अगस्त तक अलग से जमा कर सकता है, अर्थात दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि तक और स्वयंसेवकों की मदद भी ले सकता है। समय से एक और कदम आगे बढ़ते हुए, बीएलओ ने शनिवार शाम 6 बजे तक 4.66 करोड़ गणना फॉर्म डिजिटल रूप से ईसीआईनेट पर अपलोड कर दिए हैं। कांग्रेस ने कहा है कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भाजपा दुष्प्रचार कर रही है।

### बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मिले विदेशी

**नई दिल्ली।** बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में विदेशी नागरिकों की पहचान हुई है। यह जानकारी घर-घर जाकर सत्यापन कर रहे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से सामने आई है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार बिहार में मतदाता सूची अपडेट के इस विशेष कार्यक्रम के दौरान घर-घर जाकर किए गए सत्यापन में बूथ लेवल अधिकारियों को बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के नागरिक मिले हैं। निर्वाचन आयोग के सूत्रों का कहना है कि 1 अगस्त के बाद उचित जांच पूरी होने के बाद इनके नाम 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। बिहार में मतदाता सूची के इस विशेष संवीक्षण अभियान का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। इसके तहत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची में दर्ज नामों की पुष्टि की जा रही है।

# सेना की मेडिकल सेवा जल्द पहाड़ी इलाकों में ड्रोन से पहुंचाएगी खून-दवाएं, एएफएमएस डीजी का एलान

**पुणे, एजेंसी।** सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) अब ड्रोन तकनीक की मदद से खून की थैलियां, दवाइयां और अन्य मेडिकल सामान पहाड़ी और दूर-दराज के इलाकों में पहुंचाने की तैयारी कर रही है। यह जानकारी एएफएमएस की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन ने शनिवार को दी। पुणे के आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी) में मेडिकल कैडेट्स की कमीशनिंग सेरेमनी के मौके पर बोलते हुए वाइस एडमिरल आरती सरीन ने बताया कि एएफएमएस अब आधुनिक तकनीकों को अपना रही है, जिसमें टेलीमेडिसिन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), पॉइंट-ऑफ-केयर डिवाइस और ड्रोन शामिल हैं, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर और तेजी से दी जा सकें।

**पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर योजना शुरू करने की तैयारी** :उन्होंने कहा, हम ड्रोन के जरिए खून की थैलियां, दवाइयां और अन्य जरूरी मेडिकल उपकरण भेजने की योजना बना रहे हैं। हम उस दिन का इंतजार कर रहे हैं जब मेडिकल इवैक्यूएशन यानी मरीजों को निकालने का काम भी ड्रोन से हो सके। उन्होंने बताया कि यह योजना



फिलहाल एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू करने की तैयारी में है, खासकर ऐसे पहाड़ी क्षेत्रों में जहां पहुंचना मुश्किल होता है। वाइस एडमिरल आरती सरीन ने कहा कि गैर-सैन्य संस्थाएं पहले ही इस तकनीक का इस्तेमाल कर रही हैं।

**चिकित्सा क्षेत्र में तेजी से हो रहे हैं तकनीकी बदलाव:** वहीं इस मौके पर एएफएमसी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल पंकज राव ने भी कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में तकनीकी बदलाव तेजी से हो रहे हैं, और अब हर स्तर पर, रोकथाम से लेकर इलाज तक, नई तकनीकों को अपनाया जा रहा है।

वाइस एडमिरल आरती सरीन ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के बारे में भी जानकारी दी, जो एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में हैं। उन्होंने बताया कि एएफएमएस मिशन में शामिल सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों की सेहत की जिम्मेदारी संभाल रही है। उन्होंने कहा, अमेरिका में इंस्टिट्यूट ऑफ एविएशन मेडिसिन प्राथमिक चिकित्सा देख रहा है, और हमारी एक टीम- जिसमें एक ग्रुप कैप्टन शामिल हैं- ह्यूस्टन, टेक्सास में तैनात है जो मिशन क्रू की सेहत पर नजर रख रही है।

# दरियापुर में दिनदहाड़े शिक्षक की हत्या, एक अन्य घायल; हमलावर फरार

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर/छपरा (सारण)।** सारण जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र के परसा में रविवार को दिनदहाड़े हुई गोलीबारी की घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। इस हमले में एक शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतक की पहचान संतोष राय, पिता विक्रमा राय, निवासी बिसाही के रूप में की गई है। वे उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बिसाही के प्रधानाध्यापक थे और परसा बस व टेंपो स्टैंड के संचालक भी थे।घटना उस समय हुई जब संतोष राय अपने एक सहयोगी के साथ कार से बाजार की ओर जा रहे थे। तभी परसा बाजार के समीप दो नकाबपोश बाइक सवार अपराधियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। गोली लगने से संतोष राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि कांग्रेस राय, पिता परमा राय (बिसाही ग्राम निवासी) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल परसा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही दरियापुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस को मौके से चार खोखा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, परसा और दरियापुर थाना प्रभारी, तथा सारण एसएसपी डॉ. कुमार आशीष भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की समीक्षा की।एसएसपी डॉ. कुमार आशीष ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इस नृशंस हत्या से परसा बाजार सहित पूरे क्षेत्र में तनाव और भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।



## बेसहारा महिला के मदद के लिए फेस ऑफ़ फ्यूचर की टीम में चलाया मुहिम

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सदर अस्पताल छपरा परिसर में फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया ने एक बेसहारा महिला की पीड़ा को आवाज दी । टीम के सदस्यों ने सवाल उठाया कि वो महिला जो 30 दिनों से अस्पताल के पास लावारिस हालत में पड़ी रही, जिसे न शासन ने देखा, न समाज ने सुना। जब एफ एफ आई को इसकी सूचना मिली तो एफएफआई ने अपने प्रयासों से महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला का इलाज चल रहा है और फिर इसकी सूचना प्रशासन को दी गई । प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से अध्यक्ष मंटू कुमार यादव जिला अध्यक्ष मकेश्वर पंडित , कुंदन कुमार यादव, संजय कुमार राय, शैलेश कुमार, मंजीत कुमार, डॉ रंजन कुमार उपस्थित रहे।

## सद्भावना सब जूनियर बालक हैंडबॉल में सारण ने पटना को 2 - 1 से हराया



**दैनिक खोज ख़बर/बनियापुर(सारण)।** बनियापुर के संत जलेश्वर एकेडमी बड़ा लौवा के खेल मैदान में बिहार हैंडबॉल के निदेशानुसार एक दिवसीय सद्भावना सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को हुआ । सारण और पटना के बीच आयोजित तीन मैच की श्रृंखला में सारण ने पटना 2 - 1 से पराजित किया। प्रतियोगिता के आरंभ में संत जलेश्वर एकेडमी के प्राचार्य डॉ अनुराग आर ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर मैच का टॉस कराया। मौके पर सारण हैंडबॉल के अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह एवम के अलावे शैलेन्द्र कुमार, अंकित कुमार, मनोज कुमार , राकेश कुमार सहित अन्य थे। संचालन मैच रेफरी राष्ट्रीय खिलाड़ी अभिषेक कुमार सिंह ने किया। दोनो ही टीम के खिलाड़ियो बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। तीन मैच के श्रृंखला में पहला मैच पटना ने 39 -38 के अंतर से जीता जबकि दूसरा एवम तीसरा मैच सारण ने क्रमशः 29 - 28 एवम 38 - 31 गोल के अंतर से जीत सद्भावना कप 3 - 1 से अपने नाम किया । पटना से सबसे अधिक गोल कर बेस्ट स्कोरर शिवम बना जबकि सारण से बेस्ट स्कोरर अभिषेक रहा।

## अंतरराज्यीय वर्ल्ड फुनाकोशी शोटोकन कराटे ऑर्गनाइजेशन चैंपियनशिप में मढ़ौरा की नवी श्री ने जीता गोल्ड मेडल



**दैनिक खोज खबर, मढ़ौरा (सारण)।**13 जुलाई, 2025 को लड़के और लड़कियों के लिए अंतरराज्यीय वर्ल्ड फुनाकोशी शोटोकन कराटे ऑर्गनाइजेशन चैंपियनशिप - 2025 का आयोजन पटना (बिहार) के आशियाना स्थित द आइडियल स्कॉलर्स एबोड स्कूल में किया गया, जिसके आयोजक थे- वर्ल्ड फुनाकोशी शोटोकन कराटे ऑर्गनाइजेशन, बिहार और द चैंपियंस क्लब, पटना।

द चैंपियंस क्लब, पटना के कराटे कोच, सेंसेई सौरव कुमार ने बताया कि हमारे क्लब की होनहार प्रशिक्षु नवी श्री, जो मढ़ौरा (सारण) के स्वर्गीय डॉ. एन. के. सिंह के कनिष्ठ पुत्र, सिद्धांत सिंह की पुत्री है और आशियाना नगर, पटना के सेंट मैरीज़ अकादमी में तीसरी कक्षा की छात्रा है, ने इस चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर क्लब का मान बढ़ाया है।

## जनसुराज द्वारा बिहार बदलाव जन संवाद जनसभा आयोजित

दैनिक खोज खबर/दिघवारा।स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र में अवस्थित अशोक वाटिका मैरेज हॉल में जन सुराज पार्टी ने बिहार बदलाव जन संवाद कार्यक्रम के तहत रविवार को एक सभा आयोजित की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता जन सुराज के सोनपुर अनुमंडल अध्यक्ष भरत सिंह ने किया। बैठक में जन सुराज पार्टी के वरिष्ठ नेता रामपुकार मेहता, राजेन्द्र राय, संतोष सिंह,अमिता सहनी, रिंकू देवी,धीरू सिंह, रामाशंकर सिंह, संजय सिंह, नागेन्द्र राय आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि,कार्यकर्ता व ग्रामीण समेत सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई।मंच संचालन जनसुराज के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राय ने जन सुराज के नीति व सिद्धांत से अवगत कराया। उन्होंने उपस्थित लोगों से जन सुराज से जुड़कर प्रशांत किशोर के हाथ व उद्देश्य को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार में जन सुराज एक मजबूत विकल्प के रुप में खड़ी है।वहीं रामपुकार मेहता ने कहा कि बिहार के डबल इंजन सरकार गरीब विरोधी सरकार है। जनता के जनसुराज के प्रति बढते विश्वास से सरकार घबराई हुई है।पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार समेत पेंशन सुधार और सामुदायिक भागीदारी से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरजीत सिंह सोनू,जितेन्द्र सिंह, राहुल मिश्रा,नीरज कुमार, प्रो शशि भूषण प्रसाद सिंह,प्रो कन्हैया सिंह,उमेश कुमार, मंजू कुमारी,अभय सिंह,आलोक दुबे,विकाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## निःशुल्क आंख जांच शिविर आयोजित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर पंचायत क़े प्रवेजाबाद वार्ड नंबर --02 मे प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण मे अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक परसा द्वारा कैंप लगाकर मरीज का जांच किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर भाजयुमो अध्यक्ष एवं वार्ड --02 पार्षद प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह द्वारा रविवार को किया गया। जिसमे 401मरीजों को आंख जांच पड़ताल की गई। जांच में 55 मरीजों को मोतियाबिंद से ग्रसित पाया गया।

## डाक कांवरिया का जत्था पहलेजाघाट से जलभरी कर मुजफ्फरपुर के लिए रवाना



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सावन माह क़े पहली सोमवार पर जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों की भीड़ पहलेजा घाट पर उमड़ पड़ी है। गेरुआ रंग में रंगे हजारों डाक कांवरियों से पहलेजा घाट धाम पहुंच कर दक्षिण वाहिनी गंगा नदी में स्नान करने के बाद पवित्र जल लेकर बाबा गरीबनाथ पथ पर कड़े तपती धूप कभी कभी हल्की वारिस क़े साथ बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है डाक काँवरिया बोलते हुए आगे बढ़ रहे थे। रविवार को केवल शिवभक्तों का ठिकाना नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता और मानवीय सेवा का जीवंत उदाहरण बन गया। गंगा किनारे उमड़ा कांवरियों का सैलाब, कड़ी धुप उमसी गर्मी कभी हलकी बारिश और ठंडी हवा के बीच न केवल आस्था का पर्व बना, बल्कि घाट और रास्तों पर हर वर्ग के लोग मिलकर एक-दूसरे की सेवा में जुटे नजर आए। पहलेजा घाट से लेकर गरीब स्थान तक तपती सड़क के बावजूद डाक कांवरियों के कदम न थके न रुके। बोल बम, हर-हर महादेव का जयघोष करते शिवभक्तों का रेला थमने का नाम नहीं ले रहा था। पहलेजा घाट के दक्षिणायन गंगा के पवित्र जल ले कांवरिया पुरानी रेलवे लाइन वाले मार्ग से खरिका, चौसिया, भरपुरा होते हुए लालु यादव चौक भरपुरा से एन एच 19 सड़क मार्ग क़े रास्ते दुधैला मोड़ फिर यहाँ से नया गंडक पूल पार कर वैशाली जिले हाजीपुर, सराय, भगवानपुर, गोरौल होते हुए मुजफ्फरपुर के कुढ़नी, तुर्की, रामदयालुनगर का क्षेत्र तय करते गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए बगैर कही रुके ये डाक कांवरिया लगातार आगे बढ़ते रहे। कावड़ मार्ग में गांवो और मोहल्लों के लोग स्वेच्छा से पानी, दूध, शर्बत और फल लेकर डाक काँवरिया की सेवा में लगे हुए थे। छोटे छोटे बच्चे पानी की बोतलें बाँटते दिखे, तो महिलाएँ अपने घर के दरवाज़ों पर कांवरियों के पाँव पर पानी का बौछार कर रहे और डाक कांवरियों को फल देकर बोल बम के नारा लगा रहे थे। पहलेजा घाट की व्यवस्थाओं ने भी सभी का ध्यान खींचा। पहलेजा घाट गंगा माता मंदिर के पास नियंत्रण कक्ष, मेडिकल टीम, नदियों में बैरिकेडिंग और गोताखोर तैनात थे। सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त मात्रा में महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती थी कंवर मार्ग में जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती थी लेकिन जो सबसे ज्यादा प्रभावी था, वह था आम लोगों का स्वस्फूर्त सहयोग।

## रेल पुलिस ने यात्री से लूट के 2 लाख रूपये तथा 20 ग्राम सोना के साथ तीन लुटेरों को किया गिरफ्तार



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेल मंडल के अंतर्गत भरपुरा पहलेजा घाट स्टेशन पर तीन लुटेरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। यह लुटेरे ट्रेन में यात्रियों के समान, रूपये लूट कर भागने का काम करता था। जहां तीन लीटर को पुलिस ने 2 लाख रूपये नगद व 20 ग्राम सोना, ब्लड और छुरी सहित गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी देते हुए रेल थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने रविवार को बताया कि जीआरपी/ सीआई बी सोनपुर के संयुक्त रूप से अपराध केंद्र भरपुरा पहलेजाघाट स्टेशन पर विशेष चेकिंग छापामारी के क्रम में एक व्यक्ति विक्की कुमार उर्फ कल्लू उम्र 26 ,वर्ष पिता - अशोक प्रसाद सा0 -भलुहीपुर, थाना - टाउन जिला -भोजपुर आरा को शक क़े आधार पर पकड़ा गया और पूछताछ में उसने बताया कि मोहम्मद आफताब उर्फ मोहम्मद सोनू उम्र 32 वर्ष पिता मोहम्मद फिरोज सा0- चिक टोली वार्ड नंबर 33 थाना नगर जिला भोजपुर के साथ मिलकर हमलोग यात्री क़े सोने का चैन, मंगलसूत्र, जितिया, मोबाइल पर्स आदि रेलवे स्टेशन पटना, सचिवालय से लेकर रेलवे स्टेशन भरपुरा पहलेजा घाट आदि क्षेत्रों में चलती ट्रेन में छीन लिया हैं। सोनू कुमार छीना हुआ पर्स,चैन, जितिया,मोबाइल बेचने आरा गया है। लौट कर दानापुर में हमको अपना हिस्सा देगा तत्पश्चात दानापुर में सोनू को गिरफ्तार किया गया इसके पास से 2 लाख नगद,छुरी,ब्लेड बरामद किया गया।सोनू ने बताया कि चोरी का ज्वेलरी कुमकुम ज्वेलर्स के चंदन कुमार गुप्ता उम्र 20 वर्ष पिता विकास गुप्ता, सा भालुओहीपुर वार्ड नंबर 30 थाना नगर जिला भोजपुर क़े हाथे बेचते हैं. तत्पश्चात आरा नगर थाना से चंदन को 20.06 ग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में रेल थाना सोनपुर कांड संख्या 64/25 दिनांक 12/07/25 दर्ज कर विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है।

## सावन की पहली सोमवारी को श्रद्धालु आरघा से करेंगे बाबा हरिहरनाथ पर जलाभिषेक

### सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था पहली सोमवारी को लेकर श्रद्धालु करेंगे सोमवारी व्रत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार के प्रसिद्ध हरी और हर की भूमि बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पहली सोमवारी को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं में होड़ सी लगी है। आज भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा और नारायणी में डुबकी लगाकर बोल बम के नारा है बाबा एक सहारा है किनारे के साथ बाबा हरिहरनाथ सहित अन्य शिवालयों में पहुंचकर बाबा पर जलाभिषेक करेंगे साथ ही बाबा पर बेलपत्र, भांग, धतुरा, दूध, मधु,ऋतू फल चठाएंगे। महिलाएं पुरुष आज सोमवारी व्रत करेंगे। भगवान भोले के प्रसन्न करने के लिए भक्ति गीत गाएंगे और उनसे घर में सुख शांति समृद्धि के लिए कामना करेंगे। बिहार क़े प्रशिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर के विधि व्यवस्था को लेकर मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला एवं कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार ने रविवार को बताया कि रात्रि साढ़े बारह बजे भगवान का रुद्राभिषेक एवं मंगला आरती के बाद सोमवार क़े भोर में यानी दो बजे के बाद श्रद्धालुओं के जलाभिषेक के लिए मंदिर का द्वार खोल दिया जायेगा। उन्होंने बताया की शिव भक्तों की अत्यधिक भीड़ होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से बाबा पर जलभिषेक करने के लिए पीतल की बनी दो अरघा लगाया गया है इसी के माध्यम से कतारबद्ध होकर बाबा हरिहरनाथ पर जलाभिषेक होगा वहीं देश विदेश के भक्तों के लिए सुबह और संध्या आरती का लाइव प्रसारण मंदिर के यूट्यूब चैनल इन फेसबुक पेज बाबा हरिहरनाथ मंदिर पर होगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रशासनिक स्तर पर जहां अधिकारियों की मौजूदगी में भारी पुलिस बल तैनात किए गए है तो स्काउट एंड गाइड के साथ बॉलिंटियर भी लगाए गए है। सीसीटीवी, ड्रोन कैमरे के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा के तमाम इंतजाम किए गए है।वही कांवरियों की सेवा के लिए पहलेजा से लेकर नया गंडक फूल तक दर्जनों सेवा शिविर के माध्यम से स्वयंसेवक एवं जनप्रतिनिधि कांवरियों की सेवा में लगे हुए नजर आये। पहलेजा घाट एवं काली घाट में एसडीआरएफ की टीम मुस्तैदी से लगी रही। अनुमंडल प्रशासन ने पूरे कांवर पथ में सुरक्षा के मुकम्मल बंदोबस्त किए हैं। प्रशासनिक पदाधिकारी लगातार गश्ती भी करते रहे। नाचते-गाते कांवरियों का जत्था बोल-बम के नारे लगाते हुए पूरे माहौल को शिवमय बनाते हुए गुजर रहा है। साथ ही जगह जगह साउंड और बाजे के द्वारा भक्ति संगीत की गूंज ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया है। दूसरी ओर कांवर यात्रा को देखने के लिए सड़कों के किनारे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कांवरियों को नींबू पानी, फल, शर्बत, चाय आदि से स्वागत किया जा रहा है। कांवरियों के लिए हर शिविर में मेडिकल कीट से लेकर दर्द निवारक दवाएं भी रखी गयी है। सुरक्षा की दृष्टि से हर चौक चौराहों पर पुलिस बल, जगह जगह लाईट की तैनाती की गई है जिससे कांवरियों को परेशानी ना हो। प्रशासन हर गतिविधियों पर कभी नजर बनाए हुए जिसे किसी प्रकार के अनहोनी ना हो।

## बैंक लूट कांड का एक लुटेरा गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** डीआरएम कार्यालय स्थित पीएनबी बैंक सोनपुर डकैती मे फिरार चल रहे अभियुक्त को सोनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने रविवार को बताया कि सोनपुर डीआरएम कार्यालय स्थित पीएनबी बैंक में लुटेरे ने हथियार के बल पर दो होमगार्ड के जवानों को गोली मार कर मौत की नींद सुला दिया और बैंक से लाखों रूपये लेकर फरार हो गया था। यह घटना 13 अप्रैल 2023 की है। जिसमें गिरफ्तार किए गए बैंक लुटेरा मुजफ्फरपुर जिले के साहिबगंज के शशि रंजन कुमार जो फरार चल रहा था जहाँ एसटी एफ के सहयोग से गिरफतार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया है । इस बैंक डकैती मे दो होम गार्ड जवान क़े जो मौत हुई थीं वह सोनपुर क़े सैदपुर व गोविन्दचक क़े रहने वाला होमगार्ड क़े जवान था। लूट कांड के बाद पुलिस ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त 3 लुटेरे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बैंक में 5 लुटेरे बैंक क़े अंदर था जबकि अन्य लुटेरे बैंक क़े बाहर खड़ा हर गतिविधियों पर नजर लगाए हुए था।



## नयागांव थाना के पास पेड़ गिरने से लोगों की बढ़ी परेशानी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत रविवार की शाम अचानक आई तेज आंधी के दौरान नयागांव थाना के समीप स्थित एक पुराना पीपल का पेड़ जड़ से उखड़कर सड़क मार्ग पर गिर पड़ा। इस घटना से क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। पेड़ गिड़ने से यातायात भी बाधित हुआ। घटना में एक पास की दुकान को आंशिक क्षति पहुंची है, वहीं पास में स्थित एक बिजली का पोल भी टूट गया, जिससे इलाके की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। स्थानीय लोगों ने तत्काल प्रशासन और बिजली विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने राहत कार्य शुरू कर दिया है। सौभाग्यवश, घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन जनसुविधाओं को लेकर असुविधा उत्पन्न हो गई है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के साथ सोनपुर एसडीओ ने की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर विधान सभा क्षेत्र के सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के साथ सोनपुर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ ने शांतिपूर्ण तरीके से हो रहे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की सभी उपस्थित लोगो से जानकारी ली। अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर द्वारा सभी लोग को बताया कि हर बूथ पर बीएलओ द्वारा घर घर जाकर वर्ष 2003 के सूची के अनुसार फार्मेट से निकाल कर जिनका नाम है उनके घर जाकर उनसे हस्ताक्षर ले रहे हैं। फार्म भरकर कार्यालय में आकर जमा कर रहे है जो बीएलओ द्वारा क्षेत्र में कार्य में प्रगति नहीं होगा उनका वेतन रोका जायेगा साथ ही उनपर उचित करवाई भी होगा। साथ ही आने वाले दिनों में सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि हर लोगो से मिलकर उनका कागज जमा करे। यह अभियान लोकतंत्र की जड़ों को सींचने का काम करता है। हर योग्य नागरिक का नाम सूची में होना सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए पूरी निष्ठा और गंभीरता से काम करें, ताकि कोई भी मतदाता छूटने न पाए। एसडीओ ने कहा कि सभी कर्मियों को मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने, फॉर्म भरने में सहयोग देने और समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की कठिनाई या असमंजस की स्थिति होने पर वे तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि समाधान हो सके।



## पीएनबी चेतन छपरा शाखा में बिपिन कुमार ने शाखा प्रबंधक के रूप में किया योगदान

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** पीएनबी चेतन छपरा शाखा में बिपिन कुमार ने शाखा प्रबंधक के रूप में अपना योगदान दिया।योगदान के उपरांत नवनियुक्त शाखा प्रबंधक ने बताया कि ग्राहकों की सुविधाओं को ध्यान में रख सुचारू रूप से बैंकिंग कार्यो का संचालन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।साथ ही जमा-निकासी सहित अन्य बैंकिग कार्यो के लिये बैंक आने वाले उपभगताओ को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका पूरा पूरा ध्यान रखा जाएगा।शाखा प्रबंधक ने बताया कि अहर्ता पूरी करने वाले उपभोगताओं को सरकार प्रायोजित योजनाओं के तहत ससमय ऋष्ठा उपलब्ध कराई जाएगी।उक्त शाखा प्रबंधक इसके पूर्व राजेन्द्र कॉलेज छपरा ब्रांच में कार्यरत थे।मौके पर बेदौली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजित ऋषिदेव, बैंक कर्मी सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।


कार्यभार संभालते नवनियुक्त शाखा प्रबंधक

## दो बाइक की आमने सामने टक्कर में बीडीसी समेत पांच घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर गांव में एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर महावीर मंदिर के पास पर दो बाइक की आमने सामने टक्कर में कवलपुरा पंचायत के बीडीसी दिलीप प्रसाद समेत 5 घायलों को सदर अस्पताल छपरा रेफर किया गया। घायलों में कवलपुरा गांव निवासी दिलीप प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र रविशंकर कुमार, स्व. राजा राम प्रसाद का 52 वर्षीय पुत्र दिलीप प्रसाद, जितेन्द्र प्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र रितिक कुमार, नागमणी सिंह का 17 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार वं 14 वर्षीय पुत्री आकांक्षा कुमारी शामिल हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया और सभी को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में बताया गया दोनों बाइक की टक्कर हो गई जिसमें सभी घायल हो गए। बताया गया कि बाइक सवार मशरक आ रहें थें।

## उच्च जातियों के विकास के लिए गठित आयोग के सदस्य ने मशरक में की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में उच्च जातियों के विकास के लिए गठित आयोग्य के सदस्य राजकुमार सिंह ने बैठक आयोजित की। बैठक में बीडीओ पंकज कुमार समेत अन्य मौजूद रहें। बीडीओ पंकज कुमार ने आयोग के सदस्य का अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। मौके पर आयोग के सदस्य राजकुमार सिंह ने बताया कि बिहार सरकार ने उच्च जातियों के विकास के लिए राज्यस्तरीय आयोग का गठन किया है उसी में उच्च जातियों को सरकार की तरफ से मिल रहीं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। संबंधित अधिकारी को इससे जुड़े कुछ तथ्यों की जानकारी मांगी गई और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान अवैध हथियार के साथ तीन बदमाश युवक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र सरकारी गाछी के पास रात्रि गश्ती में वाहन चेकिंग के दौरान तीन बदमाश युवकों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।बताया गया कि धेनुकी चौक के तरफ से आ रहे 01 मोटरसाइकिल सवार 03 व्यक्ति, पुलिस चेकिंग को देखकर मोटरसाइकिल घुमाकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम द्वारा खदेड़कर पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्तियों से भागने का कारण पुछने पर उनलोगों द्वारा बताया गया कि उनके पास अवैध हथियार एवं चाकू होने के कारण पुलिस चेकिंग को देखकर भागने लगे। तत्पश्चात पकड़ाये सभी व्यक्तियों की विधिवत तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में 01 देशी कट्टा, 02 जिन्दा कारतूस तथा 01 चाकू बरामद किया गया। इस संबंध में मढ़ौरा थाना कांड सं0-493/25, दिनांक-13.07.25, धारा-25(1-बी) ए /26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर पकड़ाये तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ाये तीनों अभियुक्तों के निशानदेही पर मढ़ौरा थाना कांड सं0-491/25, दिनांक-12.07.25 के छीनी गयी मोबाइल को बरामद किया गया है। अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त में (1).गौरव सिंह, पिता-उमाकांत सिंह, सा0-टेढा, थाना-इसुआपुर, जिला-सारण।(2). सोनु कुमार, पिता-जवाहिर साह, सा0-टेढा, थाना-इसुआपुर, जिला-सारण एवं (3). विकेश कुमार सिंह, पिता-अशोक सिंह, सा0-टेढा, थाना-इसुआपुर, जिला-सारण बताए गए हैं। वहीं बरामद व जप्त सामानों की सूची में (1). देशी कट्टा-01, (2). जिन्दा कारतूस-02, (3). मोटरसाइकिल-01, (4). चाकू-01, (5). मोबाइल-01 शामिल है।थानाध्यक्ष मढ़ौरा थाना एवं थाना के अन्य कर्मी कार्रवाई में शामिल थे।

## पूर्व के वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**इसुआपुर (सारण)।** महिला थाना सारण में दर्ज कांड संख्या 46/25 में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कांड के अनुसंधानकर्ता एस आई प्रशंसा कुमारी ने बताया कि पूर्व से वांछित अभियुक्त पानापुर थाना क्षेत्र के धेनुकी गांव के राजकुमार प्रसाद का पुत्र अरुण कुमार को उसके घर से रविवार को दिन में गिरफ्तार किया गया। जो पूर्व से फरार चल रहा था

## त्राहिमाम : रसूलपुर गंडक नहर का सायफन बंद, किसान परेशान

### पंपिंग सेट से धान की रोपाई कराना चुनौती, कर्ज में डूब रहे किसान

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** एक तरफ मौसम की बेरूखी तो दुसरी तरफ सिंचाई व्यवस्था की प्रमुख श्रोत कही जाने वाली मुख्य गंडक नहर का सायफन विगत एक वर्ष से बंद है. गंडक नहर का सायफन बंद होने के कारण स्थानीय किसान धान की रोपाई को लेकर परेशान हैं. धान के बिचड़े तैयार होने के बाद पानी के अभाव में ससमय धान की रोपाई करना किसानों की समस्या बनी है. पानी के अभाव में किसानों के धान के बिचड़े सुख रहे हैं, वहीं सूख रहे धान के बिचड़े बचाने के लिए किसानों को मजबूरन पंपिग सेट से सिचाई करने पड़ रहे हैं. दो सौ रूपये प्रति घंटे पंपिंग सेट चलवाकर धान की रोपाई कराना किसानों के आगे चुनौती है. पंपिंग सेट चलवाकर रोपाई कराने के चक्कर में कई किसान कर्ज में डूबने को विवश हैं. जामिनी अमनौर ,बनवारी अमनौर.,माधोपुर मुकुंदपुर रीठ ,हुस्सेपुर माधोपुर आदि गांवों के किसान ,रामबहादुर यादव ,अनिल उपाध्याय ,मुन्ना राय (पिता स्व.प्रद्युम्न राय पश्चिम टोला माधोपुर),रघुनाथ राय,हंसनाथ चौबे कहते हैं अपने निजी पैसे से पिछले साल बंद सायफन की जगह 6 इंच का पाइप लगवाया था पर कोई काम नहीं आ रहा, अब वहां 12 इंच के पाइप से कम का पाइप काम नहीं आयेगा. वहीं विभाग इस बात को लेकर बेसुध है.

## मेडिकल कैम्प में दर्जनों मरीजों की नि:शुल्क स्वास्थ्य की जांच

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड के गोबरहीं स्थित शिव शक्ति धाम मन्दिर परिसर में आयोजित मेडिकल कैम्प में छपरा के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव रंजन तथा डॉ विनोद कुमार सिंह ने दर्जनों मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य की जाँच की। मौके पर मौजूद मरीजों के बीच मुफ्त दवा आदि भी वितरित की गई। इससे पहले मन्दिर परिसर में मेडिकल कैम्प लगाए जाने की सूचना पाकर आसपास के गाँवों के दर्जनों मरीज मन्दिर परिसर में पहुँच गए थे। मेडिकल कैम्प के आयोजक एवम सामाजिक कार्यकर्ता विजय सिंह ने बताया कि अब प्रत्येक रविवार को मन्दिर परिसर में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाएगा ताकि सुदूर देहात के गरीब मरीजों को छपरा शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा सहज ढंग से एवम निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। यह कैम्प रविवार को दस से बारह बजे तक लगता है। मेडिकल कैम्प में सुरेन्द्र प्रसाद रामनारायण सिंह पैक्स अध्यक्ष, विजय सिंह सुमेश सिंह भूषण प्रसाद शेषनाथ गिरी तथा अमरेश सिंह सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

# घर से निकले ही थे कि चल गई गोलियां

**दरियापुर में सुबह-सुबह वारदात, शिक्षक की हत्या से दहशत**

- **घात लगाए बाइक सवार नकाबपोशों ने घटना को दिया अंजाम, एसपी-एसडीपीओ ने पहुंच घटना की ली जानकारी**



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर/दरियापुर(सारण)।** रविवार की सुबह दरियापुर थाना क्षेत्र के बिसाही गांव में उस वक्त अफरातफरी मच गई जब घर से चार पहिया वाहन से निकले एक शिक्षक अपने साथी के साथ तो अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सुबह करीब 10 बजे की है। मृतक की पहचान संतोष यादव (45 वर्ष) के रूप में हुई है, जो गांव के ही विक्रम राय के पुत्र थे और पेशे से शिक्षक थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, संतोष यादव अपने सहयोगियों कांग्रेस राय के साथ चार पहिया वाहन से निकल ही रहे थे, तभी पहले से घात लगाए नकाबपोश अपराधियों ने उन्हें नजदीक से निशाना बनाया। गोली लगते ही दोनों लहूलुहान होकर गिर पड़े।परिजन आनन-फानन में उन्हें लेकर परसा सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने संतोष यादव को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल को गंभीर हालत में पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है।

### घटनास्थल से चार खोखा, तीन जिंदा कारतूस बरामद

घटना की सूचना मिलते ही दरियापुर पुलिस के साथ-साथ सारण एसपी, एसडीपीओ और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान चार खोखा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा गया है।

### जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस आपसी रंजिश या पुरानी दुश्मनी की जांच कर रही है। इस दिनदहाड़े हत्या से पूरे इलाके में खौफ का माहौल है। ग्रामीणों में भारी गुस्सा और रोष देखा जा रहा है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में कॉम्बिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आए बुजुर्ग की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

### सुबह-सुबह ट्रक ने छीन ली ज़िंदगी, सड़क जाम कर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** जिले के एकमा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत एकमा बाजार के गंजपर गांव में रविवार की सुबह लगभग एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गयी। जहां घर के बाहर खड़े लगभग 66 वर्षीय अजीज अंसारी को एक तेज रफ्तार व अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।मृतक की पहचान गंजपर गांव निवासी स्व. हफीज अंसारी के पुत्र अजीज अंसारी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अजीज अंसारी अपने घर के सामने सड़क किनारे खड़े थे, तभी मांझी की ओर से एकमा की ओर आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें रौंदते हुए सड़क किनारे बिजली के एक खंभे, भवन निर्माण सामग्री (ईंटों), भुसा की खोंप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक बालू के ढेर में घुस गया, जिसमें अजीज अंसारी भी दब गए। घटना की सूचना पर पहुंची एकमा पुलिस ने जेसीबी वाहन मंगवाकर बालू के ढेर से शव व ट्रक को बाहर निकलवाया। लेकिन तब तक अजीज अंसारी की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने पुलिस पर देर से पहुंचने का आरोप लगाया और आक्रोशित होकर मांझी-बरौली स्टेट हाइवे-96 को जाम कर दिया।ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन व सड़क दुर्घटना राहत कोष से मुआवजा मिले और वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचें। घटनास्थल पर पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार, बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, प्रभारी राजस्व निरीक्षक प्रमोद कुमार, राजस्व कर्मी विक्की कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता व विभिन्न दलों के प्रतिनिधि पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। आश्वासन के बाद सड़क जाम समाप्त कराया गया।

## मढ़ौरा के औदालपट्टी में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जनसुराज पार्टी की नीतियों से कराया अवगत



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** पट्टी प्रखंड के औदालपट्टी में उत्क्रमित उच्च विधालय के प्रांगण में जनसुराज ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला और प्रदेश के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मढ़ौरा विधानसभा से जनसुराज के संभावित प्रत्याशी अभय सिंह ने लोगों से बिहार को बदलने के लिए आगे आने की अपील की। कहा कि बात बिहार में बदलाव मात्र की नही है, जनसुराज बिहार के विकसित भविष्य के लिए सबसे बड़ी जरूरत है। समाज को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा को स्तर को सुधारने की जरूरत है। बिहार का दुर्भाग्य है कि किसी पार्टी ने इसे प्राथमिकता में नहीं लिया जिससे की लोग जागरुक बने और व्यवस्था में दोष को लेकर सवाल कर सके। जनसुराज के प्रशांत किशोर बिहार इसी व्यवस्था को बदलने के लिए आगे आए है। वर्तमान में सभी दलों से अलग जनसुराज में बिहार का भविष्य दिखता है और हमारा बिहार प्रशांत किशोर के नेतृत्व में अब आगे बढ़ेगा। अभय सिंह ने उपस्थित हजारों लोगों से बिहार और अपने अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए प्रशांत किशोर पर विश्वास करने और उनके हाथ को मजबूत करने की अपील की।? कार्यक्रम को चुनाव अभियान समिति के संयोजक राहूल सिंह, रामपृत शर्मा, प्रमंडल संयोजक उर्मिला देवी, जीडी पब्लिक स्कूल के निर्देशक बबलू सिंह, बृजेंद्र गुप्ता सरपंच मनमन सिंह, बिट्टू सिंह, शक्ति सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जन सुराजी विभूति सिंह ने किया।

## द्वापरकालीन महेंद्रनाथ मंदिर स्थित कमलदाह सरोवर उपेक्षित

देवेन्द्र कुमार सिंह।

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** विकास के इस दौर में भी सारण के धार्मिक धरोहर उपेक्षित पड़े हैं.धार्मिक व ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि वाले इन धरोहरों को विकसित कर पर्यटक स्थल बनाया जा सकता है और ये पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब भी होंगे. जहां ये धार्मिक धरोहर सरकारी कृपा दृष्टि से उपेक्षित पड़े हुए हैं वहीं आजतक किसी नेता, राजनेता ने इसकी कोई सुध नहीं ली. जहां तक सारण जिले की बात है तो जिले में ऐसे धार्मिक धरोहर हैं जिनका इतिहास पौराणिक तो है ही लोगों के आस्था का केन्द्र भी है. जो जिले को धार्मिक धरोहर के रूप में समृद्ध व विख्यात बनाते चले आ रहे हैं. जहां तक सारण जिले की बात है तो जिले का बाबा महेन्द्रनाथ धाम ऐसे धार्मिक धरोहर है जिनका इतिहास पौराणिक तो है हीं लोगों के आस्था का केन्द्र भी बना है.

सारण जिला मुख्यालय से 40 किमी पश्चिम सिवान के सिसवन प्रखंड अंतर्गत मेंहदार गांव में अवस्थित बाबा महेन्द्रनाथ मंदिर लाखों लोगों के लिए आस्था का केंद्र है.


कमलदाह सरोवर की सफाई में लगे युवा श्रद्धालु

मान्यता है कि सत्रहवीं शताब्दी में नेपाल के राजा महेंद्र वीर विक्रम शाहदेव जिन्हें कोढ़ की बीमारी हो गई थी. इस बीमारी से छुटकारा पाने के लिए, राजा वाराणसी गंगा स्नान को जा रहे थे, लेकिन रास्ते में, वे सिवान के जंगल में विश्राम करने लगे. वहां, उन्हें एक गड्ढे में गंदा पानी मिला, जिसे पीने से उनकी बीमारी ठीक हो गई थी. इसके बाद, भगवान शिव ने उन्हें सपने में दर्शन दिए और मंदिर बनवाने का आदेश दिया. राजा ने उसी स्थान पर मंदिर बनवाया, जिसे आज महेंद्रनाथ मंदिर के नाम से जाना जाता है.

**शिवलिंग की प्राप्ति**-जिस गड्ढे की पानी राजा ने पिया था उसे सरोवर बनाने के लिए खुदाई के दौरान, शिवलिंग निकला था जिसके बाद मंदिर का निर्माण किया गया. मंदिर के पास हीं विशाल जलाशय है जो कमलदाह सरोवर के नाम से प्रसिद्ध है, जहां भक्त स्नान करते हैं.

**धार्मिक महत्व**-यह मंदिर बिहार के प्रमुख धार्मिक केंद्रों में से एक है, खासकर सावन और शिवरात्रि के दौरान यहां देश के विभिन्न प्रदेशों से लाखों श्रद्धालू पूजा अर्चना को पधारते हैं.

**मान्यता**-आमजनों में आज भी ऐसी मान्यता है कि कमलदाह सरोवर में स्नान कर मंदिर में जलाभिषेक करने से चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है और आज वही विशालकाय सरोवर उपेक्षित है जो जलकुम्भी से पटा होने व जलजमाव की कमी के कारण बदहाल पड़ा है जहां श्रद्धालुओं को स्नान करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है,स्थानीय स्तर पर युवा श्रद्धालुओं ने इस सरोवर की सफाई की जिम्मेवारी उठाई है पर किसी नेता,अभिनेता या सरकार की नजर इस धार्मिक धरोहर पर अबतक नहीं पड़ी.

## शिव शक्ति धाम में बाबा भोलेनाथ को बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** सावन के पावन महीने मे रविवार को मांझी प्रखण्ड के गोबरही में स्थित शिव शक्ति धाम मे बाबा भोलेनाथ को बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। भक्तो का मानना है की सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित एक पवित्र महीना है। इस महीने में, भक्त भगवान शिव की पूजा करते हैं और उन पर जल चढ़ाते हैं। सावन में, हरियाली और बारिश का मौसम होता है, जो इसे एक बहुत ही खास और आनंदमय समय बनाता है। सावन के महीने में, लोग भगवान शिव की भक्ति में लीन रहते हैं और उनसे आशीर्वाद मांगते हैं। यह महीना भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनका आशीर्वाद पाने का एक शुभ समय माना जाता है। यह धाम एकमा ताजपुर मुख्य मार्ग पर स्थित गोबरही गांव मे है। शिव शक्ति धाम परिसर से आस पास का गावों तक का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

## दाउदपुर में एक दिवसीय भूख हड़ताल, शहीद छठू, फागू व कामता गिरि के सम्मान में राजकीय समारोह की मांग

**दैनिक खोज खबर/ एकमा/ दाउदपुर (सारण)।** 13 अगस्त 1942 की क्रांति में शहीद हुए छठू गिरि, फागू गिरि और कामता गिरि के सम्मान में शहादत दिवस को राजकीय समारोह के रूप में मनाने की मांग को लेकर शहीद स्मारक समिति, दाउदपुर के बैनर तले शनिवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल आयोजित की गई।इस आंदोलन का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को उचित सरकारी मान्यता दिलाना और भावी पीढ़ी को उनके बलिदान से परिचित कराना है। भूख हड़ताल कार्यक्रम दाउदपुर में स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक और नागरिकों ने भाग लिया।

भूख हड़ताल पर बैठने वालों में प्रमुख रूप से समिति के संरक्षक अभय गोस्वामी, सचिव सुमन कुमार गिरि, कोषाध्यक्ष कामरेड अरुण कुमार, प्रो. ओमप्रकाश सिंह, शिक्षक नेता उदयशंकर 'गुड्डू', भूपेंद्र सिंह, कन्हैया यादव, केदार राय, शिवनाथ पुरी, नागेंद्र गिरि, बसंती देवी, पुरूषोत्तम सिंह, जगत गिरि, विजय भारती शामिल थे।

कार्यक्रम का समापन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के चेयरमैन केशव सिंह, रेल यूनियन के अध्यक्ष जे. एन. साहु और शिक्षक नेता तसव्वर हुसैन द्वारा अनशनकारियों को जूस पिलाकर कराया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कांग्रेस नेता नरेंद्र प्रताप मिश्र ने हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम शहीदों को भी उतना ही सम्मान देना चाहिए, जितना कि अन्य राष्ट्रीय नायकों को मिलता है। शहीद स्मारक समिति ने चेतावनी दी है कि यदि मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## अनियंत्रित स्कार्पियो पलटी, एक वृद्ध घायल

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी ताजपुर मुख्य मार्ग पर मेहंदीगंज गांव के समीप रविवार की शाम एक अनियंत्रित स्कार्पियो पलट गई। गाड़ी पलटने से एक वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल वृद्ध मांझी नगर पंचायत निवासी स्वर्गीय देव् साह का पुत्र तूफानी साह बताया जाता है। घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगो के सहयोग से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद चिंताजनक स्थिति में बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची मांझी थाना की पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर लिया। घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो बताया जाता हैं। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार छपरा की तरफ से तेजी से स्कार्पियो ताजपुर की तरफ आ रही थी। इसी बीच मेहंदीगंज गांव के समीप काली मंदिर के चबूतरा में जोड़दार टक्कर मार दिया जिससे गाड़ी बीच रोड पर ही अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी पलटने से आवागमन बाधित हो गया। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने जेसीबी के मदद से गाड़ी को उठाकर आवागमन चालू कराया।

## सांसद सिग्रीवाल ने हाई मास्ट लाइट का किया उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।**प्रखंड के महेंद्र मिश्रा चौक तथा जलालपुर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर मे सांसद सिग्रीवाल के निजी कोष से लगे हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन वैदिक मंत्रोचार के साथ सांसद सिग्रीवाल ने रविवार की देर संध्या किया। उद्घाटन करने के बाद उन्होंने बताया कि इस हाई मास्ट लाइट के लग जाने से जलालपुर बाजार रात भर जगमग रहेगा। इससे आने वाले राजगीरों को सुविधा होगी।महेंद्र मिश्रा चौक पर इसके लग जाने से वाहन चालकों को भी सुविधा मिलेगी।मौके पर युवा नेता प्रमोद सिग्रीवाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम नारायण सिंह, प्रचार्य दिलीप कुमार सिंह मंडल अध्यक्ष कुश पांडेय भी थे।

## साइकिल रेस प्रतियोगिता आयोजित, विजेता हुए पुरस्कृत

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक के सीमावर्ती गांव धनौती में सेवानिवृत्त आर्मी जवान ललन तिवारी की तरफ से साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मशरक और पानापुर इलाके के दर्जनों लड़के और लड़कियों ने भाग लिया। मौके पर सरपंच वकील राय, वार्ड सदस्य धनन तिवारी,जीतन राय,पंच सदस्य अमावस्या राय ,देव नारायण तिवारी, कुबेर तिवारी, शालीग्राम तिवारी, हरेंद्र राय समेत अन्य मौजूद रहें। सेवानिवृत्त आर्मी जवान ने आगंतुक अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नियमित साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ्य व निरोग रहता है। साथ ही इसका सीधा लाभ वातावरण पर भी पड़ता है। साइकिल रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रिया कुमारी, रवि कुमार, मुकेश कुमार, अमन कुमार , द्वितीय पुरस्कार पवन कुमार, चंदा कुमारी, अंकित यादव, रोहित कुमार और तृतीय पुरस्कार संतोष कुमार और विकाश कुमार को पुरस्कृत किया गया।



## शराब तस्करों की गतिविधियों पर रोक लगाएं सभी थानाध्यक्ष

**सिवान।** जिला समाहरणालय स्थित सभागार में रविवार को पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने सभी थानाध्यक्षों के साथ क्राइम मीटिंग की। एसपी ने शराब तस्करों के गतिविधियों पर रोक लगाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने थानावार आपराधिक घटना, उसके विरुद्ध की गई कार्रवाई, लंबित कांड एवं निष्पादन की प्रगति, कुर्की जब्ती का तामिला से लेकर विधि-व्यवस्था तक की गहन समीक्षा की। साथ ही सभी थानाध्यक्षों की लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने, वांछित बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया। गोष्ठी में विगत माह के कांडों की समीक्षा की गई। एसपी ने बताया कि विगत माह में घटित गंभीर शीर्ष के अपराधों में संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस महानिदेशक द्वारा पूर्व की बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। लंबित वारंट एवं लंबित पर्यवेक्षण के संबंध में व ई साक्ष्य एप पर प्रविष्टियां एवं डायरी लेखन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। क्राइम मीटिंग में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा, डीएसपी रक्षित, मुख्यालय डीएसपी, एसडीपीओ सदर अजय कुमार सिंह, एसडीपीओ मैरवा गौरी कुमारी, नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास, आदि उपस्थित थे।

## माडल अस्पताल से मोबइल चोरी मामले में सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**सिवान।** माडल अस्पताल के पुरुष वार्ड में इलाजरत एक मरीज का मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस ने तैनात सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार गार्ड के पास से पुलिस ने चोरी की मोबाइल व चार्जर को बरामद कर लिया। गिरफ्तार मैरवा थाना क्षेत्र के गंधू छापर निवासी पुनीत तिवारी है। मिली जानकारी के अनुसार माडल अस्पताल के पुरुष वार्ड में भर्ती एक मरीज का मोबाइल चोरी हो गया। मरीज के स्वजन ने नगर थाना को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वार्ड में लगे सीसी कैमरे के फुटेज की जांच की। जांच के उपरांत मामला सामने निकल कर आया कि जिस गार्ड की ड्यूटी वार्ड में लगाई गई थी वही गार्ड मरीज का फोन और चार्जर बेड से उठाकर आसानी से वहां से निकल रहा था। यह सारा कुछ सीसी कैमरे में कैद हो गया था। जब पुलिस ने दबाव बनाया तो पाकेट में रख फोन और चार्जर निकाल कर दे दिया। इसके बाद पुलिस गार्ड को अपने साथ लेकर थाना चली गई। इस मामले में पीड़ित ने नगर थाना में आवेदन दिया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर गार्ड को जेल भेज दिया गया। इस मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि अस्पताल में तैनात गार्ड ने ही मरीज का मोबाइल चोरी की थी। गिरफ्तार पुनीत तिवारी है, जांच पड़ताल के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

## खेल मैदान निर्माण में धांधली का आरोप

**हुसैनगंज(सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय से महज एक हजार मीटर दूर स्थित एमएस हाईस्कूल सह इंटर कालेज परिसर में मनरेगा द्वारा लाखों रुपये खर्च कर खेल मैदान में रनिंग ट्रैक, बालीवुड, बैडमिंटन कोर्ट ले अलावा क्रिकेट नेट प्रैक्टिस पिच का निर्माण हो रहा है। लेकिन संवेदक द्वारा प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं कराया जा रहा है और ना हीं मेटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है। इससे विद्यालय परिवार में आक्रोश है। इस संबंध में क्रीड़ा सचिव सैयद जफर इमाम ने शनिवार को एक शिकायत पत्र बीडीओ को सौंपते हुए जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में सरकारी मानकों का घोर उल्लंघन हो रहा है, घटिया सामग्री के साथ कार्य भी घटिया हो रहा है जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ठीक नहीं है। बीडीओ राहुल कुमार ने कहा कि इसकी बेहतर जांच हेतु संबंधित पदाधिकारी को अवगत करा दिया गया है।

## कांग्रेस महागठबंधन की योजनाओं की हो रही नकल- डा. एहतेशाम

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड के विंदवल गांव में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि डा. ख्वाजा एहतेशाम अहमद के नेतृत्व में शनिवार की शाम चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम का आयोजन माइ-बहन मान योजना के तहत किया गया। कांग्रेस नेता ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि महागठबंधन की सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिमाह ढाई हजार रुपये दिए जाएंगे। साथ ही वृद्धापेंशन के रूप में 1500 की राशि दी जाएगी। इसके अलावा लोगों को दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली भी दी जाएगी। कांग्रेस नेता ने राज्य सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि गलत नीतियों के कारण सरकार की किरकिरी हो रही है। जिस शराबबंदी का प्रचार किया जा रहा है, वह धरातल से कोसों दूर है। सूबे में अपराध चरम पर है। महागठबंधन की योजनाओं का नकल की जा रही है। सरकार की हर मोर्चे पर विफलता के कारण लोगों का रुझान तेजी से महागठबंधन की तरफ हो रहा है। कार्यक्रमों में जुटने वाली भीड़ इसका प्रमाण है कि बढ़ती महंगाइ, अपराध व अन्य कारणों से लोग अब सरकार की कार्यशैली से धीरे-धीरे विमुख हो रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष ध्रुवलाल प्रसाद ने की। इस मौके पर अधिवक्ता संदीप शर्मा, अरविंद यादव, अनूप यादव, विजय कुमार, मोहम्मद कैफ आदि उपस्थित थे।

## विशेष मतदाता पुनरीक्षण कर एनडीए छिन रही गरीबों का मताधिकार का हक : माले

**गुठनी (सिवान)।** प्रखंड के जतौर पंचायत में रविवार को भाकपा माले का 11 वां पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर दरौली विधायक सत्यदेव राम कहा कि सरकार विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर गरीबों के मताधिकार को छीनने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा समेत एनडीए की सरकार हम गरीब मजदूर लोगों के मताधिकार को छीनने का प्रयास कर रही है, लेकिन हमारी पार्टी और कार्यकर्ता हम वैसा कतई भी होने नहीं देंगे। इसके खिलाफ हम लोग सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाएंगे। क्योंकि आम लोगों के मताधिकार का प्रयोग करने से किसी को कोई रोक नहीं सकता है। विधायक ने कहा कि सामंतवादियों विचार धारा के लोग हमेशा गरीबों और मजदूरों पर अत्याचार करते रहे हैं और गरीबों का अपना अधिकार दिलाने के लिए हम लोग हमेशा सड़क से सदन तक लड़ते आ रहे हैं। इस बार इन लोगों के मंसूबे पर पानी फेरने का काम हमारा संगठन करेगा। इस मौके प्रखंड सचिव रामाजी यादव, मुखिया नवमीलाल पासवान, लक्ष्मण राम, श्यामदेव चौहान, हंसनाथ भगत आदि उपस्थित थे।

## दो पट्टीदारों के बीच हुई झड़प में पांच घायल

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के पकवलिया में 11 जुलाई की रात्रि आपसी विवाद में दो पट्टीदारों के बीच हुई मारपीट में दो महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। इस संदर्भ में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इसमें कु 11 लोगों को नामजद किया गया है। एक पक्ष से पीड़िता बेदांती देवी के आवेदन पर आरोप है कि मेरे पट्टीदार आपस झगड़ा करके उसमें एक आदमी मेरे दरवाजे पर आकर अपने घर की शिकायत कर रहा था। तभी दिलीप राम अपने स्वजन के साथ लाठी भाला, तलवार लेकर मेरे दरवाजे आकर गाली गलौज करने लगा तथा चारों ओर से घेरकर मेरे पुत्र शशिकांत पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। शशिकांत को बचाने गई सरिता कुमारी एवं गया राम भी को मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से दौलती देवी ने आरोप लगाया है कि घटना की रात मैं और मेरे पति के बीच बातचीत हो रही थी तभी पड़ोसी गया राम अपने स्वजनों के साथ लाठी डंडे व राड लेकर मेरे दरवाजे पर आकर मेरे सिर पर हमला मुझे कर घायल कर दिए।

## डीईओ ने की दो शिक्षिका की राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में प्रतिनियुक्ति

**महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज नगर पंचायत के वार्ड आठ कपिया स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में प्रतिनियुक्ति शिक्षक रामेश्वर साह पर विद्यालय की कक्षा दो व चार की छात्राओं के साथ छेड़खानी के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। साथ ही पुलिस ने शिक्षक रामेश्वर साह को रविवार को जेल भेज दिया।वहीं डीईओ रजनीश कुमार झा ने अपने पत्रांक 548 दिनांक 12/7/2025 के आलोक में कहा है कि प्राथमिक कन्या विद्यालय कपिया की प्रधानाध्यापिका (नगर शिक्षिका)रीता कुमारी के चिकित्सावकाश पर होने एवं शेष बचे शिक्षक रामेश्वर साह के पुलिस हिरासत में जाने के कारण विद्यालय शिक्षक विहीन हो गया है। उक्त स्थिति में विद्यालय संचालन हेतु राजकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय तक्कीपुर की विशिष्ट शिक्षिका नीलम कुमारी तथा राजकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय तक्कीपुर की विशिष्ट शिक्षिका अनीता देवी को उक्त विद्यालय में प्रतिनियुक्त किया जाता है।

# आपरेशन अमानत के तहत यात्री का लौटाया टीवी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** आपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने एक यात्री का टीवी बरामद कर उसके सिपुर्द कर दिया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि कंट्रोल से सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 12554 के एस्कार्ट पार्टी के पास यात्री का छूटा हुआ एलईडी टीवी है, उसको उतरवाकर बल पोस्ट पर रखा जाए। सूचना के आधार पर हेड़ कांस्टेबल धर्मप्रकाश मिश्रा ने उक्त टीवी को एस्कार्ट पार्टी से प्राप्त कर बल पोस्ट पर लाया। रविवार को सामली जिला के सामली थाना क्षेत्र के टिटोली सचिन कुमार बल पोस्ट पर उपस्थित होकर बताया कि 12 जुलाई को गाड़ी संख्या 12554 के कोच संख्या बी वन के बर्थ नंबर 67 पर दिल्ली से गोरखपुर तक यात्रा कर रहे थे। जब गाड़ी गोरखपुर पहुंची तो मैं




जल्दबाजी में अपना टीवी ट्रेन से उतार नहीं पाया। इसके बाद मैंने रेल मदद पर शिकायत दर्ज कराई। पूर्ण रूप से संतुष्ट होने पर एएसआइ छोटेलाल सिंह यादव द्वारा टीवी को उक्त यात्री को सुपुर्द किया गया। यात्री द्वारा टीवी की अनुमानित कीमत 25 हजार बताई गई।

## हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजेंगे मंदिर व शिवालय

**सिवान।** भक्ति, आस्था और देवों के देव महादेव की अराधना का विशेष माह सावन का आगाज शुक्रवार से ही हो गया है। वहीं 14 जुलाई को सावन की पहली सोमवारी है, इस दौरान जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिर व शिवालय हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठेंगे। अल सुबह से ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। बोल बम, हर-हर महादेव, जय शिव का उद्घोष अभी से ही सुनाई पड़ने लगे है। कावंरियों का दल बाबाधाम की रवाना होते दिख रहे हैं। सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में भी जलाभिषेक को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। मंदिर प्रबंधन श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसका इंतजाम करने में जुटा है। शिवालयों के आसपास पूजा सामग्री की दुकानें भी सजने लगी हैं। फल बाजार में भी विशेष रौनक देखी जा रही है। सोमवारी को ले मंदिरों को सजाया गया है। जिला मुख्यालय के पंचमुखी शिवमंदिर महादेवा, श्रीनगर, डाकबंगला रोड, स्टेशन रोड, फतेहपुर, भावनाथ मंदिर आदि शिवालयों में जलाभिषेक किया जाएगा। वहीं सिसवन के मेहंदार,गुठनी के सोहागरा धाम, मैरवा में हरिराम ब्रह्मा मंदिर,जीरादेई के अनंतधाम मंदिर, रुकुन्दीपुर, बंगरा, महाराजगंज, बसंतपुर, भगवानपुर, खैरवां, सोन्धानी, लकड़ी नबीगंज, मदारपुर, शामपुर कौड़िया, गोरेयाकोठी, पीपरा, दरौली, रघुनाथपुर समेत जिले के सभी मंदिरों में श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे।

## दो किशोरों के डूबने से मौत के बाद गांव में मातम

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** प्रखंड के बलडीहां पंचायत के वार्ड संख्या 13 निवासी दो किशोरों के पोखरे में डूबने से हुई मौत के बाद गांव में मातम पसरा है। रविवार की सुबह करीब 10 बजे दोनों का अंतिम संस्कार किया गया, इस दौरान वहां एकत्रित लोगों की भी आंखें नम हो गई। मृतक भगवान लाल राय का इकलौता पुत्र निखिल कुमार (17) व मनोज राय का पुत्र बबलू (14) दोनों ही पढ़ने में काफी तेज थे। निखिल जहां गांव में इंटर का छात्र था, वहीं बबलू कक्षा नौ में पढ़ता था। निखिल के चाचा व उसका पालन-पोषण करने वाले लक्ष्मण राय ने बताया कि निखिल के पिता नशे के आदी थे तथा कोरोना के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं निखिल की मां छठी देवी की मौत करीब 15 वर्ष पूर्व बीमारी से हो गई थी। मां की मौत के बाद उनलोगों ने ही उसे बेटे की तरह पाला। करीब 15 दिन पहले ही निखिल का नामांकन इंटर में कराया गया। लक्ष्मण राय ने बताया कि वे राजमिस्त्री का काम करते हैं। शनिवार को वे आरा में थे। उसी दौरान शाम में घटना की सूचना मिली। प्रशासन द्वारा शव पोस्टमार्टम में भेजने की स्वीकृति मांगी गई। उन्होंने स्वीकार कर लिया। दूसरी तरफ घटना में मृत बबलू के घर भी रविवार को सन्नाटा पसरा दिखा। अल सुबह तीन बजे पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया है। बबलू के पिता मनोज राय हरियाणा की एक स्टील प्लांट में काम करते हैं।

## विद्यालय की व्यवस्था से विद्यार्थियों की संख्या में इजाफा

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के रकौली स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय की व्यवस्था, अनुशासन, अच्छी शिक्षा, शिष्टाचार, संस्कार, समय से शिक्षक व बच्चों का आना एवं समय की व्यवस्था से अभिभावक प्रभावित हो रहे हैं तथा वे अपने बच्चों का नामांकन इस विद्यालय में करा रहे हैं। इस विद्यालय में कक्षा से 12 तक की पढ़ाई होती है। इस विद्यालय की व्यवस्था के आगे निजी विद्यालय भी फेल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह द्वारा अपने निजी मद से शिक्षकों व बच्चों के लिए आइकार्ड बनाया गया। सभी बच्चों व शिक्षकों विद्यालय ड्रेस व आइकार्ड से आना अनिवार्य कर दिया गया है। आइडी कार्ड पर शिक्षकों व बच्चों का नाम, पद, सर्विस आइडी नंबर, स्कूल का नाम व स्थायी पता दर्ज किया गया है। इससे शिक्षक व बच्चों की पूर्ण जानकारी आइडी देखने से पता चल जाता है। इस विद्यालय के व्यवस्था के आगे निजी विद्यालय फेल है।

## सिटी मांटेसरी स्कूल में प्रथम द्विमासिक जांच परीक्षा का परिणाम घोषित

**सिवान।** शहर के गांधी मैदान स्थित सिटी वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा संचालित सिटी मांटेसरी स्कूल में प्रथम द्विमासिक जांच परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। इसमें प्रथम स्थान कक्षा छह के छात्र यश कुमार 96 प्रतिशत अंक, कक्षा छह की पल्लवी कुमारी को 95.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा कक्षा चार के अभिनव वर्मा 94.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय में अपना परचम कायम किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छत्राओं को मेडल, कापी, कलम देकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अरुणेश कुमार दुबे, अनिल कुमार, विनय प्रकाश श्रीवास्तव, कुमारी पार्वती कुशवाहा, उदय पांडेय समेत अन्य शिक्षक- शिक्षिका मौजूद थे।

## पोता की हत्या के आरोप में दादा गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के महना गांव में पुलिस ने शनिवार की रात छापेमारी कर पोता की हत्या के मामले में फरार दादा को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद रविवार को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान जमुना राम के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपित पर उनकी पुत्रवधू सविता देवी ने 16 जून को थाना में आवेदन देकर मारपीट में घायल पुत्र अर्जुन राम की इलाज के दौरान मौत होने ने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई थी। इसमें वह अपने ससुर जमुना राम सहित 13 लोगों को आरोपित की थी। इसके बाद पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी हुई थी। शनिवार को मामले का मुख्य आरोपित जमुना राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर ली। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि महना गांव में 13 जून को आपसी विवाद को ले पिता एवं पुत्र के बीच मारपीट हो गई थी। जिसमें पोता अर्जुन राम गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## आयुर्वेद चिकित्सा पेशा नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति है : कुलपति

**सिवान।** विश्व आयुर्वेद परिषद की ओर से शहर के दयानंद आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज परिसर में चल रहे सात दिवसीय व्यक्तित्व विकास वर्ग शनिवार को संपन्न हो गया। समापन सत्र का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि जेपी विश्वविद्यालय छपरा के कुलपति प्रो. प्रमेंद्र कुमार बाजपेयी, विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैद्य शिवादित्य ठाकुर, प्रांत संरक्षक सह पूर्व प्राचार्य डा. प्रजापति त्रिपाठी, प्रांत महासचिव सह कालेज के प्राचार्य डा. सुधांशु शेखर त्रिपाठी, महाविद्यालय के सचिव डा. रामानंद पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि आयुर्वेद पेशा नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में अन्य विषयों की तरह आयुर्वेद को भी अनिवार्य रूप से पढ़ाए जाने के लिए कार्ययोजना बनाने का सुझाव दिया। इस दौरान कुलपति व अतिथियों ने व्यक्तित्व विकास वर्ग में शामिल राज्य के छह महाविद्यालयों के 61 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। कालेज के पूर्व प्राचार्य डा. प्रजापति त्रिपाठी ने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्राचार्य ने अतिथियों का आभार जताते हुए प्रतिभागियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की कामना भी की। कार्यक्रम के सहयोग करने वाले कर्मियों व छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. राजा प्रसाद, डा. उपेंद्र पर्वत, वैद्य अंकेश मिश्रा, डा. पुष्कर राय, डा. राजीव रंजन आदि उपस्थित थे।

## रविवार की देर शाम से ही पहुंचने लगे हैं श्रद्धालु

**सिसवन (सिवान)।** श्रावण मास की प्रथम सोमवारी को भगवान शिव की उपासना के लिए हजारों शिवभक्त रविवार की शाम हीं मेंहदार पहुंच गए थे। ये शिवभक्त सोमवार की सुबह शांति व समृद्धि के निमित भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करेंगे। रविवार की देर शाम तक लगभग बीस हजार श्रद्धालु मेंहदार पहुंच चुके थे। मेंहदार आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की खातिर प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। दंडाधिकारी की तैनाती की गयी है। महिला पुलिस बल लगाया गया है। मंदिर परिसर व कमलदाह सरोवर के घाटों की सफाई कराई गई है। रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था कराई गई है। ज्ञात हो कि इन मंदिरों में यूपी के बलिया, देवरिया, गोरखपुर, दिल्ली समेत अन्य जगहों से श्रद्धालु पहुंच जलाभिषेक करते हैं तथा मन्नतें मांगते हैं।

## सोहागरा में सावन की पहली सोमवारी की तैयारी पूर्ण

**गुठनी (सिवान) ।** प्रखंड क्षेत्र के सोहागरा धाम स्थित बाबा हंसनाथ मंदिर में सावन की पहली सोमवारी को लेकर तैयारी लगभग पूर्ण हो गई है। बाबा हंसनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने बताया कि मंदिर तक पहुंचने वाली तीनों सड़कों पर बैरिकेडिंग कर दिया गया है। इस दौरान दोपहिया और चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। वहीं मंदिर के गर्भगृह में महिला पुलिस बल कि तैनाती की गई है। सीओ डा. विकास कुमार नें बताया कि पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेंगे। इसको लेकर सभी स्तर की तैयारी पूरी कर ली गई है।

